उत्तर प्रदेश शासन

समाज कल्याण अनुभाग-1

संख्या-39/3781/26-1-2013-सक-1

लखनऊ : दिनांक : 12 दिसम्बर, 2013

श्रीमती पूनम सक्सेना,
पत्नी स्व0 श्री अशोक कुमार सक्सेना,
श्री सिद्धार्थ राय एवं श्री शिवम् राय,
पुत्र स्व0 अशोक कुमार सक्सेना,
निवासी-448/26 ग, नगरिया, ठाकुरगंज, लखनऊ।

प्रमुख सचिव, समाज कल्याण अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन को प्रेषित शपथ पत्र दिनांक 16-11-2013 एवं प्रार्थना पत्र दिनांक 04-12-2013 में आप द्वारा यह अवगत कराया गया है कि आप स्व0 अशोक कुमार सक्सेना, अनुभाग अधिकारी, कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 के आश्रित/उत्तराधिकारी हैं तथा अनुकम्पा के आधार पर स्व0 सक्सेना के मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजन नहीं चाहते हैं। उक्त के आधार पर आप द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया है कि मृतक आश्रित के रूप में सेवायोजन हेतु भविष्य में दिया गया कोई भी प्रार्थना पत्र मान्य न किया जाय।

2- आप द्वारा उपलब्ध कराये गये शपथ पत्र/प्रार्थना पत्र के आधार पर स्व0 अशोक कुमार सक्सेना के आश्रित के रूप में अनुकम्पा के आधार पर शासकीय सेवा में सेवायोजित किये जाने के संबंध में आप द्वारा किया गया कोई भी दावा भविष्य में मान्य नहीं होगा।

(राज कुमार त्रिवेदी)
अनुसचिव।

पृ0सं0-39/3781(1)/26-1-2013-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
2- अनुभाग अधिकारी लेखा, समाज कल्याण सचिव शाखा।
3- कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ।
4- गार्ड फाइल/इंटरनेट प्रति।

आज्ञा से,

(राज कुमार त्रिवेदी)
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in